(iii) राजस्थान : प्रमुख जलवायु संसाधन

391. राजस्थान का कौन-सा जिला औसत वार्षिक वर्षा की मात्रा सर्वाधिक प्राप्त करता है?

(a) उदयपुर
(b) सिरोही
(c) झालावाड़
(d) बारां

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : राजस्थान का झालावाड़ जिला औसत वार्षिक वर्षा की मात्रा सर्वाधिक प्राप्त करता है। जैसलमेर जिले में न्यूनतम वार्षिक वर्षा होती है। राजस्थान में वर्षा का औसत 57 से.मी. है। राजस्थान का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान माउण्ट आबु है।

392. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, जालौर सीकर, नागौर झुनझुनू निम्नलिखित में से किस जलवायु प्रदेश में शामिल हैं?

(a) Bwhw (b) Bshw
(c) bwkw (d) Bskw

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : राजस्थान की जलवायु शुष्क से उप-आर्द्र मानसून प्रकार की है। कोपेन जलवायु वर्गीकरण राजस्थान की जलवायु को 4 मुख्य जलवायु समूहों Aw, BWhw, BShw तथा Cwg में विभाजित करता है। जालौर, सीकर, नागौर और झुनझुन BShw जलवायु के अंतर्गत आते हैं।

393. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौन से सही सुमेलित हैं?

(A) Cwg-भरतपुर
(B) BWhw-बाड़मेर
(C) BShw-गंगानगर
(D) Aw-डूंगरपुर

(a) (A), (C) एवं (D)
(b) (B), (C) एवं (D)
(c) (B) एवं (C)
(d) (A) एवं (D)

JEN Mechanical-2016
RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : वर्ष 1918 में कोपेन ने वनस्पति के आधार पर राजस्थान की जलवायु को चार भागों में बांटा-

⇒ Cwg - उप-आर्द्र जलवायु। यहां मानसूनी वनस्पति पायी जाती है। इस प्रकार की जलवायु भरतपुर, अलवर, करौली, जोधपुर, राजसमंद, सिरोही, सवाई माधोपुर, टोंक, उदयपुर व जयपुर में पायी जाती है।

⇒ Aw - उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु। यहां सवाना प्रकार की वनस्पति पायी जाती है। इस तरह की जलवायु का विस्तार जोधपुर, डुंगरपुर, कोटा, बारां, झालावाड़, बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ जिलों में पाई जाती है।

⇒ Bwhw - शुष्क मरुस्थलीय। इस तरह की जलवायु का विस्तार जैसलमेर, बीकानेर तथा श्री गंगानगर, चुरु व हनुमानगढ़ के आंशिक भागों में पाई जाती हैं।

⇒ Bshw - अर्ध शुष्क मरुस्थलीय/स्टेपी जलवायु। इस तरह की जलवायु का विस्तार लूनी बेसिन, घग्गर बेसिन, बाड़मेर, जालौर, नागौर और शेखावटी में पायी जाती है।

394. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों में उप आर्द्र जलवायु पायी जाती है?

(a) जयपुर, अजमेर, अलवर, टोंक
(b) उदयपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़
(c) कोटा, बारां बूंदी, झालावाड़
(d) गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, चूरू

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

395. कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) Aw– सीकर, चूरू
(b) Bshw– बाड़मेर, जालौर
(c) Bwhw– जैसलमेर, पश्चिम बीकानेर
(d) Cwg– अरावली के दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र

कनिष्ठ अभियंता -2020
वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

396. कोपन ने राजस्थान की जलवायु को कितने भागों में बांटा है?

(a) 5 (b) 4
(c) 6 (d) 3

RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

397. कोपेन के वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से किस जिले में 'Aw' प्रकार की जलवायु नहीं पायी जाती है?

(a) बांसवाड़ा (b) झालावाड
(c) डूंगरपुर (d) बूँदी

RPSC-2020

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

398. कोपेन वर्गीकरण का निम्नलिखित में से कौन कोड झालावाड़ जिले की जलवायु को निरूपित करता है?

(a) Cwg (b) Aw
(c) Bshw (d) Bwhw

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

399. थॉर्नवेट के वर्गीकरण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन उष्णकटिबंधीय मरुस्थलीय जलवायु का प्रतिनिधित्व करता है?

(a) BD'W (b) EA'd
(c) DA'w (d) CA'w

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार EA' d उष्णकटिबंधीय मरुस्थलीय जलवायु का प्रतिनिधित्व करता है।